an>

Title: Need to complete the construction work of the roads under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana in Madhubani Parliamentary Constituency of Bihar.

श्री हुक्मदेव नारायण यादव (मधुबनी) : उपाध्यक्ष महोदय, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क का डीपीआर गलत बनाया जाता है। बिहार के मधुबनी और दरभंगा जिलों में आई.एल. एंड एफ. एस. कम्पनी के कारण लोगों को काफी कÂट हो रहा है। बैंगरा-पिरोखर सड़क, मधुबनी; विरफी-सिंगिया सड़क, मधुबनी; बनकट्टा-बलिया सड़क में दामोदरपुर, मधुबनी; तथा कहरिया-भरबाड़ा सड़क में सिरोई नदी पर दरभंगा में पुल नहीं बनाने के कारण सड़क अधूरी है। दो भागों में सड़क है। मधुबनी जिला में शिवनगर सिरवारा सड़क में एक किलोमीटर कम है। अरेर पौना-नागदह में आधा किलोमीटर कम है। उसी तरह से, उच्चैठ दुर्गा स्थान से सलहा में आधा किलोमीटर कम है। पुल का प्रावधान नहीं रहने से सड़क दो भागों में है। इसकी उपयोगिता नहीं रह गयी है। कम दूरी के कारण गांव को लाभ नहीं मिल रहा है। इस तरह से सभी सड़क में लम्बाई कम है। गांव के बसावट वाले क्षेत्र में पीसीसी नहीं बनाया गया है, जिसके कारण सड़कें टूट गयीं हैं। डीपीआर बनाने वाली कम्पनी आई.एल. एंड एफ.एस. कम्पनी के विरुद्ध मुकदमा चलाने का प्रस्ताव तीन बार सतर्कता एवं निगरानी समिति मधुबनी ने पारित किया, परन्तु किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गयी है। ग्रामीण विकास विभाग का ध्यान पिछले चार वर्षों से आकृष्ट किया जा रहा है परन्तु किसी तरह की कार्रवाई नहीं की जा रही है। मेरा आग्रह है कि संसद की समिति इसकी जाँच करे।

HON. DEPUTY-SPEAKER: Shri Sharad Tripathi is permitted to associate with the issue raised by Shri Hukmdeo Narayan Yadav.